Flexituff International

**Flexituff International Limited**
C 41-50, SEZ, Sector-3
Pithampur - 454 775, Distt. Dhar (M.P.) India
Phone : 91-7292-420200, 401681-82-83
Fax : 91-7292-401684
Email : mail@flexituff.com url : www.flexituff.com
**CIN : L25202MP1993PLC034616**

**27th June, 2018**

| | |
|---|---|
| **To,**<br>**The Manager (Listing Centre)**<br>**BSE Limited**<br>**Floor 25, P.J. Towers, Dalal Street, Mumbai-400 001** | **To,**<br>**The Manager - Corporate Compliance**<br>**National Stock Exchange of India Limited**<br>**Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai- 400 051** |

**Ref: Flexituff International Limited (ISIN – INE060J01017), BSE Code-533638, NSE Scrip- FLEXITUFF**

**Sub: <u>Newspaper Publication w.r.t application of Geo-Textile products of the Company</u>**

Dear Sir/Madam,

With respect to the captioned subject, please find enclosed herewith newspaper publication promulgated in "Rashtriya Sahara" for construction of a low-budget Sewerage Treatment Plant in Muni Ki Reti, Tehri Garhwal District, Uttarakhand.

**News Synopsis:-**

A low-budget Sewerage Treatment Plant is constructed by application of geo-textile products of Flexituff International Limited at Muni Ki Reti, Tehri Garhwal District, Uttarakhand. The project has been completed in Rs. 3.5 Crores only as compared to the government budgeted amount of Rs. 65 Crores in 2500 yards in 5-7 days.

Thanking you,

Yours Faithfully,

**For Flexituff International Limited**

**Khushboo Kothari**
**Company Secretary**

Flexituff International Limited

**Encl: As above**

चुनावों में किसी भी तरह से डाटा का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

—— रविशंकर प्रसाद, केंद्रीय मंत्री



## संक्षिप्त खबरें

### राहुल की दीर्घायु को किया गंगा में दुग्धाभिषेक

**ऋषिकेश।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्म दिन के अवसर पर कांग्रेस कमेटी ढालवाला मुनिकीरेती ने शत्रुघ्न घाट पर गंगा का दुग्धाभिषेक किया। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की लंबी आयु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु बिजल्वाण, मनोज द्विवेदी, दिनेश व्यास, महावीर खरोला, दिनेश भट्ट, अजय रमोला, दिनेश सकलानी, हरीश बिजल्वाण, राजेश थलवाल, विनोद सकलानी, मनन दिवेदी, ऋतिक कुमार, राधे श्याम, लक्ष्मण राजभर, छांगुर प्रसाद, भगवती उनियाल, पदमा सेमवाल, सुषमा नोटियाल, दिनेश सकलानी आदि मौजूद थे।

### यमुना में डूबा युवक, मौत

**मसूरी।** मसूरी के चार युवक यमुना पुल घूमने गये थे। जिसमें से एक युवक की यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस और जल पुलिस मौके पर युवक के शव को ढूंढने में लगी है लेकिन समाचार लिखे जाने तक पता नहीं चल पाया था। बताया गया कि मसूरी से चार युवक यमुना पुल घूमने गये। जहां नदी में नहाते समय एक युवक बह गया। जिसका नाम रोहित बिष्ट पुत्र नरेंद्र बिष्ट निवासी बेकरी हिल लंढौर रोड है। युवक के बहने की सूचना पर कैम्पटी पुलिस और कालसी पुलिस भी मौके पर आ गयी तथा युवकों को ढूंढने के लिए स्थानीय लोगों ने भी सहयोग किया लेकिन समाचार लिखने तक युवक का शव नहीं मिल पाया था। घटना की सूचना मिलने पर यहां युवक के घर में कोहराम मच गया।

### रुद्रा क्लब और सम्राट स्पोर्ट्स क्लब जीते

**ऋषिकेश।** आईडीपीएल हॉकी ग्राउंड में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में सम्राट क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित अमर बहादुर टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप का मुकाबला रुद्रा क्लब व फ्यूचर क्रिकेट के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्यूचर क्रिकेट क्लब टीम ने 134 रन बनाये। जवाब में रुद्रा क्लब ने 18.3 ओवर में छह विकेट से जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला सम्राट स्पोर्ट्स एकेडमी व श्यामपुर क्लब के बीच हुआ। सम्राट स्पोर्ट्स एकेडमी ने 104 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में श्यामपुर क्लब नौ रन से हार गई। अंपायर की भूमिका रजत धीमान, सौरभ बिष्ट, अमित यादव, सूरज राणा व स्कोरर इशान्त गुप्ता रहे। इस मौके पर दुर्गेश, मयंक, विपिन आदि मौजूद थे।

### होटलों, ढाबों और सरायों की चेकिंग

**विकासनगर।** योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री के 21 जून को देहरादून भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने हरबर्टपुर क्षेत्र में होटल बसेरा, जीएमवीएन गेस्ट हाउस, आसन बैराज, ढालीपुर, होटल मिलन पैलेस आदि होटलों, ढाबों व सरायों की सघन चेकिंग की गई। हालांकि चेकिंग के दौरान कोई संदिग्ध मामला प्रकाश में नहीं आया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर इन दिनों पछवादून पुलिस सक्रीय है। पुलिस चप्पे चप्पे पर नजर बनाए हैं।

# सात गुनी कम लागत पर बनाया सीवरेज प्लांट

■ **ऋषिकेश/एसएनबी।**

प्रदेश सरकार ने भले ही मुनिकीरेती क्षेत्र में जिन तीन जगहों पर सीवरेज प्लांट निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था को 65 करोड़ रुपये का बजट दिया लेकिन विदेश की एक कंपनी ने मात्र साढ़े तीन करोड़ की लागत से चन्द्रेश्वर गंगा घाट पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कर दिया। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इस प्लांट में ढालवाला-शीशमझाड़ी नाले का पानी डालकर उसे ट्रीटमेंट कर गंगा में डाला जायेगा। बुधवार को मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत इस ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन करेंगे।

गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने ढालवाला, भैरव मंदिर चन्द्रेश्वरघाट के समीप नाले व सीवरेज प्लांट के लिए सरकार ने 65 करोड रुपये का बजट पास किया, लेकिन आईएनजीईओ ने चंद्रेश्वरघाट के पास मात्र साढ़े तीन करोड़ रुपये में उक्त प्लांट को तैयार कर दिया है। आईएनजीईओ फ्लैक्सी टफ के डायरेक्टर ने बताया कि उनकी कंपनी के द्वारा केवल साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट को तैयार किया।



प्लांट का लगून जहां गंदा पानी इकट्ठा किया जाएगा।

**मुनिकीरेती क्षेत्र में तीन जगह सीवरेज प्लांट निर्माण के लिए सरकार ने मंजूर किये थे 65 करोड़**

**विदेशी कंपनी ने मात्र साढ़े तीन करोड़ की लागत से चंद्रेश्वर गंगा घाट पर बनाया सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट**

**मुख्यमंत्री आज करेंगे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन, बाढ़ में भी टिका रहेगा प्लांट**

आईएनजीईओ फ्लैक्सी टफ कंपनी ने सीवरेज प्लांट के लिए मात्र साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से ढाई हजार गज में केवल पांच से सात दिनों के अंदर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य लगभग पूरा कर दिया है। उन्होंने बताया कि नीदरलैंड की तर्ज पर यह सीवरेज प्लांट बनाया गया है। सीवरेज प्लांट में लगून में गंदा पानी इकट्ठा किया जाएगा। जिससे मोटर द्वारा पानी डोजिंग यूनिट में भेजा जाएगा। जहां उसमें पाल्यूमर मिला दिया जाएगा। पाल्यूमर गंदगी को दबा देता है एवं नष्ट करता है। जिससे फिर जीओ ट्यूब के छोटे छोटे छिद्रों द्वारा साफ पानी प्राप्त किया जा सकेगा। पानी की शुद्धता लगभग नहाने योग्य पानी जितनी होगी। बताया गया कि पूरे देश में इस प्रकार की तकनीकी का इस्तेमाल आज तक नहीं किया गया है। उक्त सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर बाढ़ का कोई असर नहीं पड़ेगा। बताया कि आईएनजीईओ फ्लैक्सी टफ कंपनी द्वारा नदी संरक्षण एवं फ्लड प्रोटेक्शन पर कार्य किए जाते हैं। आईएनजीईओ फ्लैक्सी टफ कंपनी ने नमामि गंगे के तहत उत्तर प्रदेश के गंगा घाटों के किनारों को बाढ से सुरक्षित करने के लिए सुदृढ़ किया है। खास बात यह है कि इस प्लांट को बनाने के लिए सीमेंट का प्रयोग नही किया गया।



कंपनी द्वारा तैयार किया गया ट्रीटमेंट प्लांट।

# चार स्थानों पर कराया जायेगा योग

■ **ऋषिकेश/एसएनबी।**

प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में सार्थक योगी ने बताया कि अहं ब्रहमास्मि योग मंदिर ट्रस्ट के तत्वाधान में अन्य संस्थाओं के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर चार स्थानों में शरीर को स्वस्थ, ऊर्जा युक्त एवं रोग मुक्त बनाने के लिए योगाभ्यास कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिव गंगा धाम लक्कड़ घाट, नवचेतना स्कूल नीम करौली, आईडीपीएल बीआरओ ग्राउंड एवं सीआईएमएस कुआंवाला में योग क्रियाएं सिखायी जाएंगी। जिसमें योग गुरु योगीराज कर्णपाल महाराज योग की विशेष क्रियाओं का अभ्यास कराएंगे। विभिन्न प्रकार की बीमारियां हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा, अनिद्रा, तनाव आदि को दूर करने के लिए विशेष यौगिक क्रियाएं सिखायी जाएंगी। बताया कि योग भारत की सांस्कृतिक विरासत है। बीस मिनट की ऐसी यौगिक क्रियाएं बताई जाएंगी जिनको प्रत्येक दिन करने से मानव शरीर बीमारियों से लड़ने में सक्षम होता है। योग करने से मन के विचार शुद्ध होकर बुद्धि तीव्र व व्यक्ति विवेकशील बनता है। योग जाति, धर्म व संप्रदाय से उपर स्वस्थ व सुखी जीवन जीने के लिए है। कहा कि योग को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए। जनकल्याण के लिए योगाभ्यास जरूरी है। प्रेस वार्ता में सरिता योगी, कृपाल सिंह, डा. सुधीर, प्रेम नारायण दुबे, राजेश चमोली, कृष्णा साहू, विजय शर्मा मौजूद थे।



पत्रकारों को जानकारी देते सार्थक योगी।

# पौधरोपण कर दी शहीद को श्रद्धांजलि

■ **ऋषिकेश/एसएनबी।**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस व शहीद विकास गुरुंग की स्मृति में श्री भरत मंदिर इंटर कालेज के प्रांगण में रुद्राक्ष का रोपण किया गया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष जयेन्द्र रमोला ने कहा कि देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर शहीद विकास गुरुंग ने अपने माता पिता का ही नहीं बल्कि हमारे शहर का भी नाम देश में ऊंचा बना दिया है। इस मौके पर विनय सारस्वत, अरविन्द जैन, डीबीपीएस रावत, गोविन्द सिंह रावत, विमला रावत, मधु जोशी, उमा ओबराय, अब्दुल रहमान, मुमताज हशिम, तनबीर सिंह, वेदान्त सारस्वत, नन्द किशोर जाटव, वेद प्रकाश धींगड़ा, प्रदीप जैन, संजय शर्मा, अमित पाल, आशु वर्मा, हरीराम वर्मा, दीपक ध्यानी, राजेश शाह, प्रवीन गर्ग, कृष्ण पाल, सूरज भट्ट, रितु कश्यप, ऋषभ कुमार, सुरेश नेगी, सोनू आदि उपस्थित थे ।



शहीद की याद में पौधरोपण करते कांग्रेसी।

## एम्स प्रशासन का पुतला दहन आज

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड जन विकास मंच का एम्स निदेशक हटाओ नियुक्तियों में भ्रष्टाचार बंद करो को लेकर धरना व क्रमिक अनशन 191वें दिन भी जारी रहा। मंच अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने बताया एम्स में भ्रष्टाचार वह नियुक्तियों में स्थानीय लोगों की उपेक्षा के चलते उत्तराखंड के बेरोजगार युवाओं में भारी रोष व्याप्त है। जिस पर न तो राज्य सरकार द्वारा और न ही केंद्र सरकार द्वारा ध्यान दिया जा रहा है। मंच की मांग है कि इस भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच कराई जाए । बताया कि इस संबंध में बुधवार को नगर निगम में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा के सामने उत्तराखंड जन विकास मंच के कार्यकर्ता व स्थानीय बेरोजगार काला दिवस मनाएंगे। सभी लोग आंखों पर काली पट्टी बांधकर एम्स प्रशासन व शासन की गलत नीतियों के विरोध पुतला दहन करेंगे। अनशन पर बैठने वालों में होशियार सिंह रावत, संदीप नौटियाल,आकाश सिंह शामिल रहे।

# आईटीबीपी चट्टान आरोहण प्रतियोगिता शुरू

■ **मसूरी।** आईटीबीपी अकादमी में आयोजित अंतर फ्रंटियर चट्टान आरोहण प्रतियोगिता का शुभारंभ भव्य मार्च पास्ट से शुरू किया गया। इस मौके पर उद्घाटन समारोह में आयोजित प्रतियोगिता के सिंगल सीलिंग सिंगल पोल कैरी में नागेंद्र सिंह एवं संदीप प्रसाद पूर्वी सीमांत ने पहला स्थान प्राप्त किया वहीं डबल सीलिंग सिंगल पोल कैरी प्रतियोगिता में देव आनंद, राहुल त्रिपाठी पूर्वी सीमांत ने पहला स्थान प्राप्त किया।

भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल अकादमी के परेड ग्राउंड में आठवीं अंतर सीमांत चट्टान आरोहण अवरोहण प्रतियोगिता शुभारंभ भव्य मार्च पास्ट से किया गया। जिसमें चार सीमांतों की टीम के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि आईटीबीपी अकादमी के उपनिदेशक ब्रिगेडियर उप महानिरीक्षक डा. रामनिवास ने मार्च पास्ट की सलामी ली व प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने आये सभी सीमांतों के खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी खेल भावना व अनुशासन के तहत अपनी प्रतिभा, कौशल व योग्यता का प्रदर्शन करें। उन्होंने सभी टीम प्रबंधकों व प्रशिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया जिनके सानिध्य में इन खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा को तराशा है तथा इनमें ज्ञान व आत्मविश्वास बढ़ाया है। इस मौके पर सेनानी प्रशासन परविंदर सिंह ने कहा कि आईटीबीपी प्रतिवर्ष यह प्रतियोगिता कराता है ताकि जवानों को नई तकनीकी का ज्ञान हासिल हो सके व उनकी क्षमता बनी रहे। उन्होंने कहा कि चट्टान आरोहण व अवरोहण बल का अपना अंग है क्योंकि पहाड़ी बल होने के कारण इसका अपना महत्व है। उन्होंने बताया कि पूरे विश्व में इस विधा को आईटीबीपी का कोई सानी नहीं है तथा राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बल के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वहीं यह प्रशिक्षण आपदा व पर्वतों में काम आता है। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में विजयी होंगे उन्हें राष्ट्रीय टीम में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर सेनानी प्रशिक्षण विंग वेणुगोपाल सहित बल के अधिकारी व जवान मौजूद रहे। यह प्रतियोगिता कार्टमेकंजी रोड पर रॉक क्लाइंबिंग जोन में आयोजित की जा रही है।

उद्घाटन के मौके पर आयोजित सिंगल सीलिंग सिंगल पोल कैरी प्रतियोगिता में नागेंद्र सिंह एवं संदीप प्रसाद पूर्वी सीमांत की टीम ने पहला स्थान हासिल किया, वहीं दूसरा स्थान इकबाल सिहं एवं बनजीत सनवाल उत्तरपूर्वी सीमांत की टीम ने दूसरा व योगेद्र सिंह एवं ब्रिजपाल उत्तरी सीमांत की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं डबल सीलिंग सिंगल पोल कैरी प्रतियोगिता में नरेंद्र सिंह एवं दिनेश सिंह पूर्वी सीमांत की टीम ने पहला, इकबाल सिहं एवं राजीव खरे उत्तर पूर्वी सीमांत की टीम ने दूसरा, व जसपाल सिंह एवं अनकृत कुमार उत्तरी सीमांत की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया।



चट्टान आरोहण प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में चट्टान आरोहण व अवरोहण, कैजुअल्टी इवैकुएशन की विभिन्न तकनीकों, बैलेंस क्लाइबिंग, पुरसिक नॉट क्लाइबिंग, पीटन क्लाइबिंग,जुमार क्लाइबिंग, स्पीड क्लाइबिंग, टॉप रोप क्लाइबिंग, सीट रेपलिंग, स्टमक रेपलिंग, पीगी बैक रैपलिंग आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी।

# जाम में फंसे पर्यटकों का निकला पसीना

■ **मसूरी/एसएनबी।**

पर्यटन सीजन के दौरान आये दिन पर्यटकों को जाम से जूझना पड़ रहा है। पुलिस व प्रशासन की सारी व्यवस्थायें चरमरा गई हैं। जिसका खमियाजा पर्यटकों को भुगतना पड़ रहा है। मसूरी देहरादून रोड पर कोल्हूखेत, मसूरी झील, किंक्रेग से गांधी चौक व अकादमी रोड पर पर्यटकों को घंटों जाम में फंसा रहने को बाध्य होना पड़ रहा है।

**मसूरी में हांफती रहीं पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्थायें**



मसूरी में लगा वाहनों का जाम।

पहाड़ों की रानी की ओर मैदानी क्षेत्रों की बदन झुलसा देने वाली गर्मी से राहत पाने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटकों ने रूख किया है और इस बार शिमला में जाने के बजाय लोग मसूरी आ रहे हैं। जिसके चलते वाहनों का दबाव बढ़ गया है। हालात यह है कि जो पर्यटक प्रातः दस बजे के आसपास मसूरी सीमा में प्रवेश कर जाता है उसे अपने गंतव्य तक पहुंचने में नाकों चने चबाने पड़ रहे हैं और उसके बाद भी उसे अपने गंतव्य तक पहुंचने में चार से पांच घंटे लग जाते हैं। जो उसके बाद मसूरी आते हैं उन्हें आने में आधी रात लग जा रही है। हर ओर चार से पांच किमी तक का जाम लग रहा है हालांकि पुलिस कर्मी दिन रात पसीना बहा रहे हैं लेकिन मसूरी में पार्किंग की सुविधा न होने के कारण पर्यटकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मसूरी घूमने नोएडा से आये नासिर ने बताया कि ईद के बाद बच्चों ने कहा कि घूमने चलो तो मसूरी आ गये लेकिन यहां आकर जाम में फंस रखे है। सुबह से लेकर अब दो बज चुके हैं लेकिन अभी तक जाम में ही फंसे हैं। ऐसे में तो हमारा पूरा समय रास्ते में ही कट गया और अब मसूरी जाकर क्या करेंगे। बड़ी तमन्ना से आये थे लेकिन सारी उम्मीदों पर पानी फिर गया। यहां शासन प्रशासन पूरी तरह फेल है। कोई सुनने देखने वाला नहीं है। ऐसे में पर्यटन को कैसे बढ़ावा मिलेगा। हम तो खर्चा करने आये लेकिन मूड खराब हो गया। दिल्ली से आये अभिनव श्रीवास्तव का कहना है कि वे चार घंटे से जाम में फंसे है तथा वाहन रेंग रेंग कर चल रहे ह। लेकिन यह पता ही नहीं चल पा रहा है कि हम कहां पहुंच गये व अभी कितना रास्ता तय करना है। ऐसे में मायूसी के सिवा कुछ नहीं मिल रहा। बच्चे भी भूखे प्यासे परेशान हो रहे हैं और मसूरी पहुंचने के बाद होटल मिलेगा या नहीं, यह भी पता नहीं है।

गुड़गांव से आये पर्यटक सुमित व उनकी पत्नी अंकिता ने कहा कि वह अभी तक मसूरी नहीं पहुंचे हैं जबकि रास्ते में भट्टा गांव पड़ा जहां कहा गया कि यहां से 15 मिनट लगेंगे लेकिन तीन घंटे हो गये, अभी तक रास्ते में ही लटके पंड़े हैं। उन्हें रास्ते से दूसरी दिशा में जाने को कहा गया और वहां से भटकने के बाद अब जीरो प्वांइट की तरफ से मसूरी आने को कहा गया है। अब जहां भी जा रहे हैं वाहन खड़ा नहीं करने दिया जा रहा है। ऐसे में होटल कैसे देखेंगे। अभी तक गाड़ी में ही भटक रहे हैं।

इस संबंध में एसआई केएन पुरोहित ने बताया कि मसूरी में वाहनों की पार्किंग न होने से परेशानी हो रही है पुलिस विभाग दिन रात मेहनत कर रहा है लेकिन जब रास्तों में वाहन खड़े करने की भी जगह नहीं होगी तो पुलिस क्या करेगी। उन्होंने बताया कि उसके बावजूद पुलिस विभाग ने यातायात को विभिन्न स्थानों की ओर डायवर्ट किया है ताकि वाहनों का दबाव कम हो सके। उन्होंने बताया कि कैम्पटी जाने वाले वाहनों को कार्टमेकंजी रोड से भेजा जा रहा है तथा कैम्पटी से वापस आने वाले वाहनों को हाथीपांव के रास्ते भेजा जा रहा है। वहीं जिन्हें पिक्चर पैलेस की ओर आना है उन्हें गजि बैंड से सीधा मसूरी की ओर भेजा जा रहा है लेकिन वाहनों के भारी संख्या में आने पर पूरे शहर में जाम जैसी स्थिति हो रही है।

## पार्किंग स्थल न होने से लग रहा जाम

पहाड़ों की रानी मसूरी में पार्किंग स्थल न होने के कारण जाम लगता है और आश्चर्य इस बात का है कि एक दशक से भी अधिक समय से बड़े अधिकारियों व मुख्यमंत्रियों की बैठको में पार्किंग बनाने की बात करने के साथ घोषणाएं भी की जाती हैं लेकिन आज तक किसी पर भी धरातल में काम नहीं हो पाया जिससे साफ है कि अधिकारी या विभाग भी काम करना नहीं चाहते अन्यथा अब तक कोई न कोई पार्किंग बन जाती वहीं जनप्रतिनिधि भी इस ओर गंभीर नहीं है। अगर यही स्थिति रही तो आने वाले समय में मसूरी से पर्यटकों का मोह भंग हो जायेगा।

## यमुना में बहे किशोर का शव बरामद

**साहिया।** पुरोला तहसील के डामठा में डूबे किशोर का शव रेस्क्यू आपरेशन के बाद जल पुलिस ने घटनास्थल से पांच सौ मीटर दूर यमुना नदी से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। मंगलवार को नम आंखों के साथ उसका हरीपुर कालसी स्थित यमुना नदी के तट पर अन्तिम संस्कार किया गया। बीते 17 जून रविवार को अमन खन्ना (15) पुत्र सुल्तान खन्ना निवासी उपरोली चकराता डामठा में नदी में नहाते समय अचानक डूब गया था। वह अपनी मां के साथ कोटा तपलाड़ में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने के लिए गया हुआ था। नदी में डूबने के बाद से ही पूरे खत में गम का माहौल था। जल पुलिस ने मंगलवार की सुबह रेस्क्यू आपरेशन के बाद घटनास्थल से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर उसका शव नदी से बाहर निकाला और शव परिजनों के हवाले किया। सोमवार को नम आंखों के साथ अमन का हरीपुर यमुना नदी तट पर अन्तिम संस्कार किया गया। मृतक अमन इंटर कालेज डाकपत्थर में दसवीं का छात्र था। चार भाई बहनों में वह सबसे बड़ा था। उसकी मौत के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# रैली निकाल योग के प्रति किया जागरूक

■ **चकराता/एसएनबी।** विश्व योग दिवस के अवसर पर छावनी परिषद द्वारा संचालित इंटर कालेज, प्राथमिक विद्यालय व शिशु विद्या मंदिर के छात्रों ने छावनी बाजार में रैली निकाल कर लोगों को योग के प्रति जागरूक किया।

रैली को प्रधानाचार्या सुधा बड़थ्वाल ने हरी झंडी दिखाकर विद्यालय से रवाना किया। छात्रों ने 'सारी दुनिया ने माना है, योग को अपनाना है', 'करो योग रहो निरोग' आदि स्लोगनों के माध्यम से लोगों को योग के प्रति जागरूक किया। इस दौरान प्रधानाचार्या ने बताया कि 21 जून को योग दिवस के अवसर पर कालेज प्रांगण में सामूहिक योग किया जायेगा। कार्यक्रम में परिषद के कर्मचारियों के अलावा आम लोग भाग लेंगे। इस मौके पर बिशन सिंह, बलवंत सिंह, वेद प्रकाश, नेहा अरोड़ा, राजेन्द्र नौटियाल, विनोद बहुखंडी, शर्मिला जोशी आदि मौजूद रहे।



योग के प्रति जागरूक करने को रैली निकालते छात्र।

## चंद्रेश्वरनगर में चलाया स्वच्छता अभियान

**ऋषिकेश।** चंद्रेश्वर तट पर गंगा के किनारे लगभग दो किलोमीटर तक स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें गंगा एक्शन परिवार के सदस्य, परमार्थ निकेतन में विश्व के विभिन्न देश से पधारे सैलानी तथा चिली, इक्वाडोर, कोलंबिया, पेरू, अमेरिका, नार्वे, इंग्लैंड, स्थानीय जनता, प्रशासन और विभिन्न संस्थाओं ने सहयोग किया। इस मौके पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती महाराज ने कहा कि रात तक चन्द्रेश्वर नाले की स्वच्छता का कार्य पूरा हो जायेगा। शहर की स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के लिये नाला-नाली पर ध्यान देने की जरूरत है। सभी लोग मिलकर इस ओर कार्य करें तो योग के लिये प्रसिद्ध नगरी स्वच्छता के दृष्टिकोण से भी विश्व में अव्वल दर्जा प्राप्त कर सकती है। चंद्रेश्वर नाला स्वच्छता अभियान में दीप शर्मा, नन्दिनी त्रिपाठी, नरेन्द्र बिष्ट, रूबल नागी, स्वामी दयानिधि दास, सैमुअल, जैम्स टोपो, रामचन्द्र शाह, विशाल भट्ट आदि उपस्थित थे।

# स्थानीय राहगीरों पर भारी पड़ रहा यात्रा सीजन



गाड़ी के इंतजार में खड़े स्थानीय लोग।

■ **श्यामपुर/एसएनबी।** इन दिनों चार धाम यात्रा सीजन स्थानीय राहगीरों पर भारी पड़ रहा है। हरिद्वार ऋषिकेश मार्ग पर सार्वजनिक परिवहन के पर्याप्त इंतजाम न होने का खमियाजा स्थानीय लोग भुगतने को मजबूर हैं। लोगों की इस मजबूरी का फायदा टेम्पों और आटो चालक उठा रहे हैं। सूरतेहाल यह है कि निर्धारित किराये से तीन गुना अधिक वसूला जा रहा है। वहीं राहगीरों को वाहनों के इंतजार में खड़े रहना पड़ता है। ऑटो चालक मनमानी कर लोकल सवारी को वाहनों में बिठाने पर आनाकानी कर रहे हैं। हरिपुरकला, नेपालीफार्म, श्यामुपर, आईडीपीएल में स्थानीय लोगों को परेशानी करना पड़ रहा है। लेकिन प्रशासन आटो चालकों की मनमानी पर लगाम नहीं लगा पा रहा है। हर साल यात्रा सीजन मे स्थानीय लोगों को परिवहन व्यवस्था सही न होने से परेशानी झेलनी पड रही है। स्थानीय नागरिक कैलाश रतूड़ी, संदीप डोभाल, अजय, पवन, योगेश, रविन्द्र रावत का कहना है कि इस मार्ग अगर सिटी बस चलती तो स्थानीय ग्रामीणों को यात्रा सीजन में परेशानी नहीं झेलनी पड़ती ।

**हरिपुरकलां, नेपालीफार्म, श्यामुपर, आईडीपीएल के स्थानीय लोग भुगत रहे परेशानी**